**सराहनीय कार्य, जालौन पुलिस**

**दिनांक –23.09.2023**

**अपराध एवं अपराधियों की गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु "आपरेशन पाताल"के तहत 49 पुरस्कार घोषित अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।**

जनपद जालौन में शान्ति एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ बनाये रखने के दृष्टिगत जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों के गम्भीर अपराध कारित वाले अभियुक्त जिनकी शीघ्र गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर एवं उच्चाधिकारीगण द्वारा पुरुस्कार घोषित किया गया था जिसके संबन्ध में आपरेशन पाताल चलाया जा रहा है।

**"आपरेशन पाताल"**के तहत चलाये गये अभियान में जनवरी से लेकर अबतक कुल 58 पुरूस्कार घोषित अपराधियों में से 49 पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी करायी गयी है।

इसी क्रम में थाना कोतवाली जालौन पुलिस, एसओजी व सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम द्वारा थाना क्षेत्र में रोकथाम अपराध, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, लुटेरे, वाहन चोर / वांछित अपराधी एवं पतारसी सुरागरसी के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0- 304/23 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट के वांछित अभियुक्त जसविन्दर उर्फ जस्सी पुत्र गुरुचरन सिंह नि० ग्राम माजपाटी खडनी थाना सौरिख जिला कन्नौज, जिस पर 25000/- रूपये का पुरुष्कार घोषित किया गया था को आज दिनांक 23.09.2023 को बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे पुल के नीचे बहद ग्राम सहाव के पास से अवैध असलाह मय कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। अवैध असलाह व कारतूस के सम्बन्ध में थाना कोतवाली जालौन में मु0अ0सं0 337/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-**

जसविन्दर उर्फ जस्सी पुत्र गुरुचरन सिंह नि० ग्राम माजपाटी खडनी थाना सौरिख जिला कन्नौज।

**बरामदगी का विवरण**- 01 अदद तमंचा मय 02 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर।

**गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 240/22 धारा 395/397/420/482/412 भादवि थाना जालौन।
2. मु0अ0सं0 653/18 धारा 332/353/भादवि 504 थाना सौरिख जनपद कन्नौज।
3. मु0अ0सं0 304/23 धारा 2/3 गैग० एक्ट थाना जालौन।
4. मु0अ0सं0 337/23 धारा 3/25 ए एक्ट थाना जालौन।

**गिरफ्तार करने वाली टीम -**

1.प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली जालौन मय टीम।

2. प्रभारी निरीक्षक एसओजी / सर्विलांस मय टीम।